TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

20 फरवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

उच्च विचारों से कमजोरियां दूर होती है।

**सुभाष चंद्र बोस**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

**20 फरवरी**

Gyan Drishti

Diwas Gyan

**विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, गुरूवार 20 फरवरी 2025**

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

**एक बादल धरती की प्यास नहीं बुझा सकता, पर एक बादल सूरज की रोशनी छीन सकता है।**

A cloud cannot quench the thirst of the earth, but... a cloud can snatch the sunlight.

DIWAS GYAN

## आज के दिन

**1835– कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला था।**

**1846– अंग्रेजों ने लाहौर पर कब्जा किया था।**

**1868 – 'अमृत बाजार पत्रिका' का बांग्ला में साप्ताहिक रूप में प्रकाशन शुरू हुआ।**

**1947– ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को आजादी देने के बारे में घोषणा की।**

**1962– जान एच ग्लेन अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने।**

**1999– भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान की ऐतिहासिक बस यात्रा की।**

**1999– दूरदर्शन पर खेल चनल शुरू हुआ।**

1. **विश्व सामाजिक न्याय दिवस**– सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए विश्व भर में संयुक्त राष्ट्र संघ के पहल पर वर्ष 2009 से प्रतिवर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। मनुष्यों की बुनियादी सुविधायें यथा भोजन, वस्त्र, मकान, सुरक्षा, चिकित्सा, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है।

2. **मिजोरम दिवस**– 20 फरवरी, 1987 को मिजोरम देश का 23वां राज्य बना था। मिजोरम का अर्थ है 'पहाड़ी मानव का देश'। मिजोरम की राजधानी आइजोल है। इसके उत्तर में असम, उत्तर पूर्व में मणिपुर, पूर्व तथा दक्षिण में म्यानमार तथा पश्चिम में त्रिपुरा एवं बांग्लादेश है। डाम्पा वन्यप्राणी अभ्यारण्य यही अवस्थित है। अदरक यहां की प्रमुख लोकप्रिय नकदी फसल है। यहां की मुख्य भाषा मिजो और अंग्रेजी है।

3. **अरूणाचल प्रदेश दिवस**– अरूणाचल प्रदेश भी इसी दिन देश का 24वां राज्य बना। अरूणाचल का अर्थ है– सूर्य का आँचल। इसकी राजधानी ईंटानगर है। इसके पश्चिम में भूटान, उत्तर तथा उत्तर–पूर्व में तिब्बत और चीन, पूर्व में म्यांमार तथा दक्षिण में नागालैण्ड और असम है। यहां परम्परागत रूप से 'झूम कृषि' होती है। नामदफा राष्ट्रीय पार्क यहीं अवस्थित है। अरूणाचल प्रदेश में ही दुनिया के सबसे बड़ा मठ 'त्वांग गोम्पा' है। पौराणिक कहानियों के अनुसार, इसी प्रदेश में परशुराम कुंड है जिसमें हाथ धोने पर मातृहंता परशुराम के हाथ में चिपका हुआ परशु छूटा था।

## दिवस प्रेरणा 39



### यूरी गागरिन

( सबसे पहला अंतरिक्ष यात्री)

**अपने ऊपर विश्वास है तो अवश्य साहस करो...**

**संघर्ष**

यूरी गागरिन एक गरीब किसान था। उसकी मां डेयरी फॉर्म की संचालिका थी। उसके गरीब पिता उसे उच्च शिक्षा नहीं दिला सकते थे। अतः उसे माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के बाद कारखाने में ढलाईगीर का काम शुरू कर देना पड़ा। शौक पूरा करने के बजाय पेट भरना आवश्यक था। अपना काम करते हुए हुए वे एक उड़ान क्लब का सदस्य बने। 1959 में रूस ने स्वेच्छा से अंतरिक्ष में जाने वाले कुशल विमान चालको से आवेदन मांगे तो यूरी ने भी आवेदन दे दिया। अंतरिक्ष में जाना खतरे से कम नहीं था। जरा सी भी चूक होने पर संभव था कि पृथ्वी पर कभी वापस ना आने पाये। मिशन से एक माह पूर्व यूरी की पत्नी ने पुत्री को जन्म दिया। यूरी अपनी पत्नी से अंतरिक्ष यात्रा की बात छिपाये रखा। अंतिम समय में पत्नी से यह बात बताई। पत्नी ने उन्हें निरुत्साहित नहीं किया। उसने कहा– "तुम्हें अपने ऊपर विश्वास है, तो अवश्य साहस करो।"

**सफलता**

अपने साहस और विश्वास के बल पर यूरी गागरिन ने अंतरिक्ष की यात्रा पूरी की। 12 अप्रैल 1961 को अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले विश्व के पहले व्यक्ति बने। मानव की एक बड़ी कल्पना को उन्होंने सत्य कर दिखाया।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

20 फरवरी

मधु प्रिया

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस 20 फरवरी




सामाजिक न्याय से आशय एक ऐसे न्यायपूर्ण समाज की स्थापना से है। जिसमें सामाजिक-आर्थिक विषमताएँ न्यूनतम हों, समाज 'समावेशी' हो और संसाधनों का वितरण सर्वमान्य स्वीकृति के आधार पर हो। सामाजिक न्याय का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध कराना है। वैश्विक स्तर पर 20 फरवरी को 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2009 में हुई थी। तब से हर साल समाज को दीमक की तरह खोखला बनाने वाली सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव और असमानता को समाप्त करने के सामूहिक प्रयास के प्रतीक के रूप में इसे मनाया जाने लगा। "विश्व सामाजिक न्याय दिवस" 26 नवंबर 2007 को स्थापित किया गया था। जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 फरवरी को महासभा के 63 वें सत्र से "विश्व सामाजिक न्याय दिवस" के रूप में घोषित किया था। पहली बार इस दिन को विश्व स्तर पर 2009 में मनाया गया था। इस साल की थीम हमारे कॉमन एजेंडे की सिफारिशों पर केंद्रित हैवैश्विक एकजुटता को मजबूत करने और "सामाजिक न्याय के लिए बाधाओं पर काबू पाने और अवसरों को उजागर करने" द्वारा सरकार में विश्वास को फिर से बनाने के लिए। इसलिए, सामाजिक न्याय का 2023 विश्व दिवस सदस्य राज्यों, युवाओं, सामाजिक भागीदारों, नागरिक समाज, संयुक्त राष्ट्र संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ सामाजिक अनुबंध को मजबूत करने के लिए आवश्यक कार्यों पर बातचीत को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है जो बढ़ती असमानताओं, संघर्षों और कमजोर संस्थाएं जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। इन कई संकटों के बावजूद, सामाजिक न्याय के लिए एक गठबंधन बनाने और हरित, डिजिटल और देखभाल अर्थव्यवस्था और युवा लोगों पर विशेष ध्यान देने के साथ अच्छी नौकरियों में अधिक निवेश करने के कई अवसर हैं।

# पुण्यतिथि विशेष 20 फरवरी




**शरत चन्द्र बोस** *Sarat Chandra Bose*, जन्म- 7 सितम्बर, 1889, कलकत्ता; मृत्यु- 20 फ़रवरी, 1950) बैरिस्टर और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। ये जानकी नाथ बोस के बेटे और सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई थे। शरत चन्द्र बोस काँग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य थे तथा बंगाल विधान सभा में काँग्रेस संसदीय पार्टी के नेता थे।

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

जिरकोनियम (Zirconium)

संकेत (Symbol) - **Zr**

परमाणु संख्या (A. number ) -40

परमाणु भार (A.weight) -91.224

समूह (group)-4

आवर्त (period)-5

ब्लाक(block)-d

संयोजकता (valancy)- 4

समस्थानिक (isotope)-5

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास - $[Kr]4d^2\ 5s^2$




### खोज

1789,क्लोंप्रोट

### भौतिक गुण

चमकदार, चांदी ग्रे रंग, आधातवर्ध्य, तन्य, संक्रमण धातु

### रासायनिक गुण

अम्ल, क्षार से अप्रभावित

### उपयोग

रिएक्टर, ट्यूबिंग,चाकू,दंत मुकुट, कृत्रिम जोड़ों

Anu priya

# ToB Science Corner

Class 10
Biology

# प्रकाशसंश्लेषण

प्रकाशसंश्लेषण एक विशेष प्रकार की जैव रासायनिक प्रक्रिया है जिसमें हरे पौधें सूर्य के प्रकाश में क्लोरोफिल की उपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड और जल की सहायता से ग्लूकोज और ऑक्सीजन का निर्माण करता है।

$$\underset{\text{Carbon dioxide}}{6CO_2} + \underset{\text{Water}}{12H_2O} \xrightarrow[\text{Chlorophyll}]{\text{Light}} \underset{\text{Glucose}}{C_6H_{12}O_6} + \underset{\text{Oxygen}}{6O_2} + \underset{\text{Water}}{6H_2O}$$




## प्रकाश संश्लेषण का क्रिया स्थल

### हरितलवक



राजेश कुमार सिंह

www.teachersofbihar.org

ToB बालमन

# सामान्य ज्ञान

## प्रमुख देश और राष्ट्रीय खेल

1. भारत → हॉकी
2. चीन → पिंग पोंग
3. बांग्लादेश → कबड्डी
4. जापान → सूमो कुश्ती
5. भूटान → तीरंदाज़ी
6. ब्राज़ील → कैपीरा
7. दक्षिण कोरिया → ताइक्वांडो
8. संयुक्त राज्य अमेरिका → बेसबॉल
9. इंग्लैंड → क्रिकेट

धीरज कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 20.02.2025

## पूर्व ज्ञान का आकलन

छात्रों के पहले से मौजूद ज्ञान और कौशल का आकलन करना, पूर्व ज्ञान का आकलन कहलाता है. इसे पूर्व-मूल्यांकन या निदानात्मक मूल्यांकन भी कहते हैं. यह शिक्षण की शुरुआत में किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



ग्रीस के ज्वालामुखी द्वीप **सेंटोरिनी** के पास सिर्फ़ दो हफ़्तों में लगभग **8,000 भूकंपों** का पता लगाया गया है। यहाँ की सरकार ने **आपातकाल की स्थिति** घोषित कर दी है।

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 512

### ताइक्वांडो किस देश का राष्ट्रीय खेल हैं ?

A. जापान

B. दक्षिण कोरिया

C. चीन

D. स्पेन



www.teachersofbihar.org

# ToB बूझो तो जानें..



484

छोटा सा है उसका पेट, लेता सारा जगत समेट,
चार अक्षर का उसका नाम, कहानी – कविता, खेल और मौसम भी
करता हमको भेंट.. बुझो तो जानें... ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TOB
# खेल कॉर्नर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के पास 2–2 खिताब



## चैंपियंस ट्रॉफी

### के सबसे ज्यादा टाइटल

| | |
|---|---|
| भारत | 2002, 2013 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2006, 2009 |
| साउथ अफ्रीका | 1998 |
| न्यूजीलैंड | 2000 |
| श्रीलंका | 2002 |
| वेस्टइंडीज | 2004 |
| पाकिस्तान | 2017 |

*(2002 में भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता बने थे।)*



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं
प्रसिद्ध अधिवक्ता व सुभाष चन्द्र बोस
जी के अग्रज

## शरत चन्द्र बोस जी

कुछ पुण्यतिथि पर उन्हें
शत् -शत् नमन

जन्म -7 सितंबर **1889**

मृत्यु- **20** फरवरी **1950**

**www.teachersofbihar.org** **Madhu priya**


मिजोरम
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
20 फरवरी
स्थापना दिवस की शुभकामनाएं
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# अरुणाचल प्रदेश

TEACHERS OF BIHAR – THE CHANGE MAKERS

**20 फरवरी**



## स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

Madhu priya

www.teachersofbihar.org